आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने इस लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक माध्याम से ज्यानदा से ज्या।दा संचार करने को कहा है। आयोग ने पर्यावरण–अनुकूल चुनावों के लिए चुनाव कार्य में लगे कर्मियों के साथ–साथ राजनीतिक दलों को भी एकल उपयोग वाले प्ला स्टिक से पूरी तरह से बचने का निर्देश दिया है।

****

प्रेम और भाईचारे का प्रतीक होली पर्व आज हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है । लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर गले मिल रहे हैं । घर आने वाले मेहमानों का गुझिया, मिठाई और नमकीन समेत तरह तरह के पकवानों से स्वागत किया जा रहा है। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा धूमधाम से होली का मुख्य आयोजन किया गया । हमारे संवाददाता ने बताया कि पहली बार राममंदिर परिसर में रामलला को गुलाल लगाया गया और उन्हें कचौरी, गुझिया, पूड़ी और खीर जैसे विशेष पकवानों का भोग लगाया गया । हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि रामलला को राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ से आया हर्बल गुलाल लगाया गया। श्रद्धालुओं में रामलला के साथ होली खेलने के प्रति खास उत्साह दिखा। उधर, मथुरा समेत समूचे ब्रजमंडल में होली की धूम है। वहां के सभी प्रमुख मंदिरों में देश–विदेश से आये श्रद्वालु अपने–अपने ठाकुरजी को साक्षी मानते हुए होली खेल रहे हैं। ब्रज की गलियां रंगों से सराबोर हैं और वहां की होली देखने के लिए बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी पहुंचे हैं। बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर होली मनाने के लिए विभिन्न सम्प्रदायों के लोग एकत्रित हुए और एक दूसरे को गुलाल व फूलों का रंग लगाया । जौनपुर और गाजीपुर में भी होली का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया । रायबरेली जिले के डलमऊ के अट्ठाइस गांवों में होली के त्योहार पर शोक मनाने की परम्परा है। वहां सात सौ साल पहले राजा डलदेव ने दुश्मन राजा से लड़ते हुए बलिदान दिया था, तबसे गांव में पांच दिन शोक रहता है और इसके बाद होली का त्योहार मनाया जाता है। होली को देखते हुए प्रदेश में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग सतर्क हैं । दिन भर विभिन्न जिलों में पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने भी क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया ।

****

गोरखपुर और इसके पड़ोसी जिलों में होली का पर्व कल मनाया जाएगा । मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरखपुर जिले में ही होली मनाएंगे। वह गोरखपुर शहर के घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा का शुभारम्भ करेंगे। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने आज भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर लोकमंगल की कामना की । उधर, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा जनपद के सैफई गांव में कार्यकर्ताओं के साथ फूलों को होली खेली । इस मौके पर उनके पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे ।

****

स्वदेशी दवा निर्माता कम्पनी भारत बॉयोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने तपेदिक यानी टीबी के टीके– एमटीबी वैक का वयस्कों पर चिकित्सीय परीक्षण शुरु कर दिया है। कल विश्व क्षय रोग दिवस पर यह जानकारी साझा की गयी । भारत बॉयोटेक के मुताबिक, टीबी का यह पहला टीका है जिसे स्पेन की दवा निर्माता कम्पनी– बॉयोफेब्री ने मानव स्रोत से तैयार किया है। परीक्षण के पहले चरण में यह टीका एचआईवी से संक्रमण रहित वयस्कों को लगाया गया है। दूसरे चरण में यह टीका एचआईवी ग्रस्त वयस्कों को दिया जा रहा है। इस परीक्षण का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि यह टीका लोगों के लिए सुरक्षित है अथवा नहीं।

,होली पर्व के कारण इस बार स्वास्थ्य महकमा चौबीस मार्च की बजाय अट्ठाइस मार्च को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए विश्व क्षय रोग दिवस मनाएगा। इसका उद्देश्य टीबी रोग के बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना है । गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि सेंट्रल टीबी डिवीजन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार इस बार क्षय उन्मूलन सबंधी जनजागरूकता गतिविधियों का ओयोजन आगामी अट्ठाइस मार्च को किया जाएगा। समुदाय में यह संदेश दिया जाएगा कि समय से पहचान हो जाने पर टीबी का सम्पूर्ण इलाज संभव है।

****

चंदौली जनपद के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के चौरहट गांव में मिर्जापुर पड़ाव मार्ग पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गये। यह सभी लोग घर के बाहर डीजे बजा कर होली का जश्न मना रहे थे। घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

****